जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई –प्रथम)

रक्तदान शिविर

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में एनसीसी के 75 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 27 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का आयोजन एनएसएस, एनसीसी, रेडरिबन क्लब, स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वाधान में एमबीएस हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया । शिविर में 7 राज गर्ल्स बटालियन से आए कर्नल हेमंद्र बंसल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि मेजर सुबोध शनवाल ने शिविर में एनसीसी कैडट्स को संबोधित कर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया तथा ग्रुप प्रभारी एलके पंत, हवलदार जेएस बिष्ट, कुलदीप सिंह, कुमारसेन एवं जितेंद्र कुमार ने अपने अधिकारियों के साथ रक्तदान किया | ब्लड बैंक के प्रभारी ने बताया कि रक्तदान करने से किसी को कोई हानि नहीं होती है । कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो रक्तदान कर सकता है एवं एक यूनिटरक्तदान से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है ।प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने अपने उद्बोधन में बताया कि रक्तदान जीवनदान है व हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है । शिविर में 47 यूनिट रक्तदान हुआ एवं सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया |एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खंडेलवाल, रेडरिबन क्लब प्रभारी डॉ जाग्रति मीणा, स्काउट प्रभारी डॉ मौसमी मीणा, एनएसएस प्रभारी डॉ विकास जांगिड़ एवं सुश्री प्रीति बैरवा ने सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया |छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा एवं परिषद के अन्य पदाधिकारियों ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया एवं रक्तदान करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

Preeti Bairwa
कार्यक्रम अधिकारी
Programme Officer (NSS Unit I)
Janki Devi Bajaj Govt. Girls College Kota

1 यूनिट रक्त से बचा सकते हैं 4 लोगों की जान

नवज्योति/कोटा। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 47 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का आयोजन एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। 7 राज गर्ल्स बटालियन से आए कर्नल हेमंद्र बंसल मुख्य अतिथि एवं मेजर सुबोध शनवाल विशिष्ट अतिथि रहे।

एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खण्डेलवाल ने बताया कि नवम्बर के अंतिम रविवार को एनसीसी का स्थापना दिवस मनाया जाता हैं। एमबीएस ब्लड बैंक प्रभारी ने बताया कि रक्तदान करने से कोई हानि नहीं होती है । कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो वह रक्तदान कर सकता है। एक यूनिट रक्तदान से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है।

प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि रक्तदान जीवनदान है। इससे बड़ा कोई ओर दान नहीं है। शिविर में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। एनसीसी कैडट्स ने पोस्टर, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान ग्रुप प्रभारी एलके पंत, हवलदार जेएस बिष्ट, कुलदीप सिंह, कुमारसेन एवं जितेंद्र कुमार, छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।

पहुंचन पर एतिहासिक स्वागत करने का आव्हान किया।

एनसीसी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर

संदेश न्यूज। कोटा. जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 27 नवम्बर को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एनसीसी, एनएसएस, रेडरिबन क्लब, स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वाधान में एमबीएस हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर में 7 राज गर्ल्स बटालियन से आए हेमेन्द्र बंसल, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि मेजर सुबोध शनवाल ने शिविर में एनसीसी कैडट्स को संबोधित कर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रुप प्रभारी एलके पंत, हवलदार जेएस बिष्ट, कुलदीप सिंह, कुमारसेन एवं जितेंद्र कुमार ने अपने अधिकारियों के साथ रक्तदान किया। शिविर में 47 यूनिट रक्तदान हुआ एवं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खंडेलवाल, रेडरिबनक्लब प्रभारी डॉ जाग्रति मीणा, स्काउट प्रभारी डॉ मौसमी मीणा, एनएसएस प्रभारी डॉ विकास जांगिड़ एवं प्रीति बैरवा ने सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, संपादक व मुद्रक पवन कुमार आहूजा द्वारा चम्बल प्रेस प्लाट

Preeti Bairwa
Programme Officer (NSS Unit)
Janki Devi Bajaj Govt Girls College Kota
कार्यक्रम अधिकारी